आदर्श विद्या भवन

अभ्यास प्रश्न पत्र (2019-20)

कक्षा - चतुर्थ

विषय - हिन्दी

प्र० 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

ईद-उल-फ़ितर मुसलमानों का प्रमुख त्योहार है। यह भारत में बड़े पैमाने पर बड़े उत्साह और उमंग से मनाया जाता है। यह शव्वाल की पहली तारीख को मनाया जाता है। इससे पहले रमज़ान का पवित्र महीना होता है। मुसलमान भाई इस पूरे महीने रोज़े रखते हैं। रोजों के बाद दिखाई देने वाले चाँद को ईद का चाँद कहते हैं। ईद के चाँद को देखकर ही वे अपने रोज़े समाप्त करते हैं। चाँद दिखाई देने के अगले दिन ईद मनाई जाती है। लोग नए-नए कपड़े पहनकर नमाज़ अदा करने ईदगाह जाते हैं। सब एक दूसरे के गले मिलकर 'ईद मुबारक' कहते हैं। घरों में मीठी सेवइयाँ बनती हैं। लोग अपने मित्रों और संबंधियों के घर सेवइयाँ और मिठाइयाँ बाँटते हैं।

क) ईद का त्योहार कब मनाया जाता है?

ख) कौन-सा चाँद 'ईद का चाँद' कहलाता है?

ग) 'ईद का चाँद होना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।

घ) 'चाँद' व 'त्योहार' शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए।

ङ) रिक्त स्थान भरिए-

ईद की नमाज़ _____ में पढ़ी जाती है।

प्र०2. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए।

क) जो सब कुछ जानता हो

ख) बहुत परिश्रम करने वाला

ग) जिसे ईश्वर पर विश्वास हो

प्र०3. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

क) आँख दिखाना

ख) नाक में दम करना

ग) पेट में चूहे दौड़ना

प्र०4. दिए गए निर्देशानुसार कीजिए.

क) योग्य , वीर (विलोम शब्द)

ख) पाठक , विधि (वचन बदलें)

ग) सेठ , पुजारी (लिंग बदलें)

घ) मत , पूर्व (अनेकार्थी शब्द)